

विदाई पार्टी की विजेता छात्राओं के साथ डॉ. सीमा दहिया व लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा।

# विदाई समारोह आयोजित

गोहाना, 29 अप्रैल (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के विधि विभाग में आज एलएमएम प्रथम वर्ष की छात्राओं ने अपनी सीनियर्स एल एल एम द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए एक विदाई पार्टी का आयोजन विभागीय प्रभारी डॉ. सीमा दहिया की अध्यक्षता में किया। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि छात्राएं देश की न्याय प्रणाली का हिस्सा बनने जा रही हैं। चाहें जज के रूप में, वकील के रूप या अन्य किसी भी कानूनी रूप में ऐसे में हमेशा सच का साथ देना और महिला विश्वविद्यालय में शिक्षा के साथ जो संस्कार ग्रहण किए है उनको जीवन में आदर्श मान कर चलना। छात्राओं के सुनहरे भविष्य की कामना करते हुए महिला विवि के निदेशक जनसंपर्क लेफ्टिनेट कर्नल डॉ अनिल बल्हारा ने कहा कि जीवन में अनुशासन जरूर कायम रखना। उन्होंने छात्राओं से कहा कि आप बड़े से बड़े पद पर चले जाओ लेकिन जीवन में ईमानदारी व कर्त्वयनिष्ठा नही है, तो उस जीवन का विशेष कुछ महत्व नही रहता। डॉ. सीमा दहिया ने बताया कि इस अवसर पर छात्राओं द्वारा दी गई प्रस्तुति को आंकने के लिए निर्णायक भूमिका डॉ. जन्नत, डॉ. कविता व डॉ. रीना ने निभाई। विदाई पार्टी में मिस फेयरवेल का टाइटल संस्कृति को गया, मिस टैलेंटेड शिवानी को चुना गया। वही अन्नू को मिस चार्मिंग तो जवेरिया खान को मिस इनोसेंट खिताब से नवाजा गया।

पंजाब केसरी
WED,30 APRIL 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# संस्कृति मिस फेयरवैल, शिवानी बनी मिस टैलेंटेड



विदाई पार्टी में विभिन्न टाइटल जीतने वाली छात्राएं। (अरोड़ा)

गोहाना, 29 अप्रैल (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के विधि विभाग में मंगलवार को एल.एम.एम. प्रथम वर्ष की छात्राओं ने अपनी सीनियर्स एल.एल.एम. द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए एक विदाई पार्टी का आयोजन किया। अध्यक्षता विधि विभाग की प्रभारी डॉ. सीमा दहिया ने की।

विदाई पार्टी में मिस फेयरवैल का टाइटल संस्कृति को गया, मिस टैलेंटेड शिवानी को चुना गया। अनु को मिस चार्मिंग तो जवेरिया खान को मिस इनोसैंट के खिताब से नवाजा गया।

महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने कहा कि हमारी छात्राएं हमारी ब्रांड एम्बैसेडर हैं और एल.एल.एम. उत्तीर्ण करने के बाद छात्राएं देश की न्याय प्रणाली का हिस्सा बनने जा रही हैं। चाहे जज के रूप में, वकील के रूप या अन्य किसी भी कानूनी रूप में, हमेशा सच का साथ देना। किसी निर्दोष के साथ अन्याय मत होने देना।

निदेशक जनसंपर्क लैफ्टिनैंट कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा ने कहा कि जीवन में अनुशासन जरूर कायम रखना। उन्होंने छात्राओं से कहा कि आप बड़े से बड़े पद पर चले जाओ लेकिन जीवन में ईमानदारी और कर्त्तव्यनिष्ठा नहीं है, तो उस जीवन का विशेष कुछ महत्व नहीं रहता।

# संस्कृति मिस फेयरवेल, शिवानी बनी मिस टैलेंटेड

गोहाना मुद्रिका, 29 अप्रैल : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के विधि विभाग में मंगलवार को एल.एम.एम. प्रथम वर्ष की छात्राओं ने अपनी सीनियर्स एल.एल.एम. द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए एक विदाई पार्टी का आयोजन किया।अध्यक्षता विधि विभाग की प्रभारी डॉ सीमा दहिया ने की।

विदाई पार्टी में मिस फेयरवेल का टाइटल संस्कृति को गया, मिस टैलेंटेड शिवानी को चुना गया। अनु को मिस चार्मिंग तो जवेरिया खान को मिस इनोसेंट के ख़िताब से नवाजा गया।

# संस्कृति को मिला मिस फेयरवेल का खिताब



संस्कृति, डा. सीमा दहिया, लेफ्टिनेंट कर्नल डा. अनिल बल्हारा व छात्राएं •

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के विधि विभाग में मंगलवार को एलएलएम प्रथम वर्ष की छात्राओं ने द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया। अध्यक्षता विभाग की प्रभारी डा. सीमा दहिया ने की। छात्रा संस्कृति को मिस फेयरवेल, शिवानी को मिस टैलेंटेड, अन्नू को मिस चार्मिंग और जवेरिया खान को मिस इनोसेंट के खिताब से नवाजा गया। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि छात्राएं हमारी ब्रांड एंबेसडर हैं। एलएलएम उत्तीर्ण करने के बाद छात्राएं देश की न्याय प्रणाली का हिस्सा बनने जा रही हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे हमेशा सच का साथ दें। विश्वविद्यालय के निदेशक जनसंपर्क लेफ्टिनेंट कर्नल डा. अनिल बल्हारा ने कहा कि जीवन में अनुशासन जरूर कायम रखना।

# हमारी छात्राएं विश्वविद्यालय की ब्रांड एम्बेसडर : प्रो. सुदेश

**विदाई समारोह : संस्कृति को मिस फेयरवेल, शिवानी को मिस टैलेंटेड का खिताब**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना**

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के विधि विभाग में मंगलवार को एलएमएम प्रथम वर्ष की छात्राओं ने अपनी सीनियर्स एलएलएम द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया। अध्यक्षता विधि विभाग की प्रभारी डॉ. सीमा दहिया ने की। समारोह में छात्रा संस्कृति को मिस फेयरवेल, शिवानी को मिस टैलेंटेड, अन्नू को मिस चार्मिंग और जवेरिया खान को मिस इनोसेंट के खिताब से नवाजा गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि हमारी छात्राएं हमारी ब्रांड एम्बेसडर हैं। एलएलएम उत्तीर्ण करने के बाद छात्राएं देश की न्याय प्रणाली का हिस्सा बनने जा रही हैं। चाहें जज के रूप में, वकील के रूप या अन्य किसी भी कानूनी रूप में। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे हमेशा सच का साथ दें। किसी निर्दोष व्यक्ति के साथ कभी भी अन्याय न होने दें। छात्राओं ने महिला विवि में शिक्षा के साथ जो संस्कार ग्रहण किए हैं उनको जीवन में आदर्श मान कर चलना। महिला विश्वविद्यालय के निदेशक जनसंपर्क लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा ने कहा कि जीवन में अनुशासन जरूर कायम रखना। उन्होंने कहा कि वे बड़े से बड़े पद पर चले जाओ लेकिन जीवन में ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा नहीं है तो उस जीवन का विशेष महत्व नहीं रहता। निर्णायक की भूमिका डॉ. जन्नत, डॉ. कविता व डॉ. रीना ने निभाई।



गोहाना। छात्राओं के साथ डॉ. सीमा दहिया व लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा।

# संस्कृति मिस फेयरवेल और शिवानी बनी मिस टैलेंटेड



**गोहाना** | भगत फूल सिंह महिला विवि के विधि विभाग में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। एलएलएम प्रथम वर्ष की छात्राओं ने द्वितीय वर्ष की छात्राओं को विदाई दी। विदाई पार्टी में संस्कृति को मिस फेयरवेल, शिवानी को मिस टैलेंटेड, अन्नू को मिस चार्मिंग और जवेरिया खान को मिस इनोसेंट का टाइटल दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की प्रभारी डॉ सीमा दहिया ने की। कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि एलएलएम पास करने के बाद छात्राएं देश की न्याय प्रणाली का हिस्सा बनेंगी। कोई जज बनेगी, कोई वकील या किसी अन्य कानूनी भूमिका में काम करेगी। उन्होंने कहा कि छात्राएं विश्वविद्यालय की ब्रांड एम्बेसडर हैं। उन्होंने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में हमेशा सच का साथ देना। किसी निर्दोष के साथ अन्याय मत होने देना। विश्वविद्यालय से मिले संस्कारों को जीवन में आदर्श मानकर चलना।